केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वडोदरा द्वारा दिनांक 28.09.12 को आयोजित कार्यशाला की संक्षिप्त रिपोर्ट

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आंचलिक कार्यालय वडोदरा में दिनांक 28.09.12 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिन्दी कार्यशाला का कार्यक्रम श्री अजय अग्रवाल, वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

सर्व प्रथम श्री प्रसून गार्गव, पर्यावरण अभियंता ने कार्यशाला में सम्मिलित सभी का स्वागत किया। कार्याशाला के संचालन हेतु डॉ० दिपेन्द्र जाडेजा, प्राध्यापक, M S University of Baroda को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया था। श्री अजय अग्रवाल, वरिष्ठ पर्यावरण अधिकारी द्वारा डॉ० दिपेन्द्र जाडेजा का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तथा कार्यशाला की कार्यवाही शुरु की गई।

डॉ० दिपेन्द्र जाडेजा को सभी अधिकारियों / कर्मचारियों ने अपना परिचय दिया। डॉ० जाडेजा ने वर्तमान समय में हिन्दी भाषा की स्थिति एवं इतिहास के बारे जानकारी दी। बाहर के देशो में किस तरह से हिन्दी का विकास हो रहा है, इसके बारे में जानकारी दी। इसके बाद उन्होने हिन्दी वर्णमाला एवं हिन्दी शुद्ध रुप से लिखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ० जाडेजा के व्याख्यान के दौरान प्रश्न-उत्तरों और हिन्दी संबंधित चर्चा का दौर भी चला।

कार्यक्रम मे द्वितीय चरण में कार्यालय में टिप्पणी / मसौदा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों / कर्मचारियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में निम्न विजेता घोषित हुए।

१.	प्रथम पुरस्कार	-	श्री प्रतिक भरणे
२.	द्वितीय पुरस्कार	-	श्री बी.डी. पान्डेय
३.	तृतीय पुरस्कार	-	श्री विनय कुमार
४.	सांत्वना पुरस्कार	-	श्री अरविंद कुमार झा
५.	सांत्वना पुरस्कार	-	श्रीमती अश्विनि दवे
६.	सांत्वना पुरस्कार	-	श्री विजय बंसल
७.	सांत्वना पुरस्कार	-	श्री एन. सेमवाल

कार्यशाला के आयोजन से इस कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिन्दी में कार्यो के प्रति अग्रसर होने एवं राजभाषा के प्रचार – प्रसार हेतु अपना योगदान एवं सहयोग देने के लिए संकल्प लिया। अंत में सदस्य संयोजक द्वारा मुख्य अतिथी, सभी अधिकारियों / कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला की कार्यवाही समाप्त की गई।

(बी०आर० नायडु)

आंचलिक अधिकारी (पश्चिम)